**संयुक्त निदेशक का कार्यालय**
**बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र,**
**"जल संसाधन भवन", ब्लॉक-"A", द्वितीय मंजिल, अनिसाबाद, पटना**

**पत्रांक-बा०प्र०सु०स०कें०-(MMC)-36/2021-** 100 **पटना, दिनांक-** 08 / 02 **/2022**

## अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

निदेशक, गणितीय प्रतिमान केन्द्र, अनिसाबाद, पटना के सरकारी कार्य हेतु एक स्कार्पियो गाड़ी (वातानुकूलित) वाहन ड्राईवर के साथ भाड़े पर रखने हेतु इच्छुक वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन निम्नवत् आमंत्रित किया जाता है:-

1. कोटेशनकर्त्ता :- निदेशक, गणितीय प्रतिमान केन्द्र, अनिसाबाद, पटना ।
2. कोटेशन प्राप्ति का स्थान :- बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, अनिसाबाद, पटना ।
3. कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 17 फरवरी 2022, अपराहन् 3:00 बजे तक ।
4. कोटेशन खोलने की अंतिम तिथि :- 17 फरवरी 2022, अपराहन् 3:30 बजे ।

कोटेशन आमंत्रण हेतु विस्तृत सूचना वेबसाईट https://wrd.fmiscwrdbihar.gov.in एवं https://www पर देखा जा सकता है । इस कोटेशन आमंत्रण सूचना से संबंधित किसी प्रकार के परिवर्तन की स्थिति में इसकी सूचना वेबसाईट https://fmis.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेगी । इसके लिये दैनिक समाचार पत्रों में अलग से प्रकाशन अपेक्षित नहीं होगा ।

08/02/22

निदेशक
गणितीय प्रतिमान केन्द्र, पटना

# संयुक्त निदेशक का कार्यालय
## बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र,
## "जल संसाधन भवन", ब्लॉक-"A", द्वितीय मंजिल, अनिसाबाद, पटना

पत्रांक-बा०प्र०सु०स०कें०-(MMC)-36/2021-100 पटना, दिनांक- 08/02/2022

## अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

निदेशक, गणितीय प्रतिमान केन्द्र, अनिसाबाद, पटना के सरकारी कार्य हेतु स्कार्पियो गाड़ी (वातानुकूलित) भाड़े पर रखने की आवश्यकता है । इस क्रम में इच्छुक वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता से उक्त वाहन ड्राईवर के साथ भाड़े पर आपूर्ति करने हेतु कोटेशन निम्न शर्त्तो के साथ आमंत्रित किया जाता है :-

1. वाहन (वाणिज्य निबंधन सहित) का मॉडल 2018 के पूर्व का नहीं होना चाहिए तथा वाहन अच्छी स्थिति एवं कार्यरत अवस्था में होना चाहिए ।
2. वाहन का वैध निबंधन (वाणिज्य निबंधन) पत्र, बीमा, रोड टैक्स एवं प्रदूषण प्रमाण-पत्र वाहन परिचालन के दौरान अद्यतन रखना होगा ।
3. चालक के पास वैध ड्राईविंग लाइसेन्स होना चाहिए ।
4. वाहन का किराया प्रतिमाह जिला पदाधिकारी, पटना तथा पंचायती राज विभाग, पटना द्वारा निर्धारित एवं कोटेशनदाता द्वारा उद्धृत दर (तीनों दरों) में से न्यूनतम दर स्वीकार्य होगा तथा भुगतान प्रत्येक माह के बाद विपत्र प्रस्तुत करने पर होगा । भाड़ा रूपये प्रतिमाह की दर से फिक्स उद्धृत करना होगा । सशर्त्त एवं वेरियेबुल उद्धृत भाड़ा अमान्य होगा ।
5. क्रमांक-4 में भुगतान के अलावा मात्र इंधन/Toll tax विभाग के द्वारा दिया जायेगा ।
6. वाहन के रख-रखाव, साफ-सफाई वाहन मालिक के द्वारा किया जायेगा तथा हमेशा चालू अवस्था में रखने की वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता की जिम्मेदारी होगी । वाहन आपूर्त्तिकर्त्ता की होगी । वाहन की चोरी या दुर्घटना तथा अन्य क्षति होने पर चालक सहित जिम्मेदारी वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता की होगी ।
7. वाहन के भुगतान पर नियमानुसार सभी प्रकार के करों अर्थात् जी०एस०टी० आदि का भुगतान वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता को स्वयं करना होगा । विभाग द्वारा किसी प्रकार का कर का भुगतान नहीं होगा ।
8. वाहन माह-मार्च, 2022 तक भाड़ा पर रखने के लिए एकरारनामा किया जायेगा तथा एकरारित अवधि के दौरान वाहन का उपयोग वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा किसी निजी कार्य में नहीं किया जायेगा । सेवा संतोषजनक रहने पर एकरारनामा की अवधि अगले एक वर्ष के लिए विस्तारित करते हुए वाहन की सेवा ली जा सकती है ।
9. सेवा असंतोषजनक रहने पर अथवा वाहन की आवश्यकता नहीं रहने पर निदेशक, गणितीय प्रतिमान केन्द्र, अनिसाबाद, पटना को बिना कारण बताये अनुबंध रद्द करने का अधिकार होगा ।

इच्छुक वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता उक्त क्रमांक-1 से 9 तक के शर्त्तो को स्वीकार करने से संबंधित अपना शपथ-पत्र (नोटरी द्वारा निर्गत अथवा अपने पत्र पर स्वहस्तलिखित शपथ-पत्र) एवं क्रमांक-2 एवं 3 से संबंधित कागजात की सत्यापित प्रति के साथ अपना कोटेशन दिनांक 17-02-2022 तक कार्यालय कार्य अवधि में बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, अनिसाबाद, पटना में बन्द लिफाफे में दिनांक 17-02-2022 के 3.00 बजे अपराह्न तक समर्पित करेंगे, जिसे उसी दिन 3.30 अपराह्न में खोला जायेगा । वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते हैं । सभी वांछित कागजात सही पाये जाने पर एक से ज्यादा (एकसमान) न्यूनतम दर के कोटेशन प्राप्त होने पर दिनांक 25-02-2022 को 2.00 बजे अपराह्न में वैध कोटेशन दाता के बीच लॉटरी के माध्यम

से वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता का चयन किया जायेगा । वाहन मालिक/वाहन आपूर्तिकर्त्ता लॉटरी के समय उपस्थित रहेंगे, अन्यथा इनके उपस्थिति के बिना भी लॉटरी किया जाएगा तथा इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा । कोटेशन के साथ क्रमांक-2 से 3 के कागजात एवं शपथ-पत्र नहीं रहने पर इसे अमान्य कर दिया जायेगा तथा इन्हें लॉटरी में शामिल नहीं किया जायेगा । अन्य जानकारी कार्यालय से संपर्क कर अथवा कार्यालय के सूचना पट्ट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है । विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट https://wrd.fmiscwrdbihar.gov.in/ www.fmiscwrdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन

08/02/22

(डॉ० सरोज कुमार वर्मा)
निदेशक
गणितीय प्रतिमान केन्द्र
अनिसाबाद, पटना ।

पत्रांक-बा०प्र०सु०स०कें०-(MMC)-36/2021-100 पटना, दिनांक-08/02/2022

प्रतिलिपिः- जन सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन, पटना के सी०डी० एवं सूचना की पाँच प्रतियों के साथ समाचार-पत्र एवं विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु समर्पित ।

अनु० (1) सी०डी०- 1 अदद ।

(2) कोटेशन आमंत्रण सूचना की पाँच प्रति ।

08/02/22

(डॉ० सरोज कुमार वर्मा)
निदेशक
गणितीय प्रतिमान केन्द्र
अनिसाबाद, पटना ।